This booklet contains **32** printed pages.
इस परीक्षा पुस्तिका में **32** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# 18A2

**सत्र - I**
**SESSION - I**

| परीक्षा पुस्तिका संख्या / Test Booklet No. |
|---|
| |

| परीक्षा पुस्तिका संकेत Test Booklet Code | **P** |
|---|---|

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

1. OMR उत्तर-पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्र निकालें और **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर विवरण केवल **काले/नीले** बॉलपॉइंट पेन से ध्यान से भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½** घंटे है एवं **150** प्रश्न हैं। कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण लिखने एवं OMR उत्तर-पत्र में उत्तर पर निशान लगाने के लिए **केवल काले/नीले बॉलपॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस परीक्षा पुस्तिका का कोड **P** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस परीक्षा पुस्तिका का कोड, OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर मुद्रित कोड के समान है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षा पुस्तिका संख्या और OMR उत्तर-पत्र संख्या एक समान हैं। यदि कोई विसंगति हो, तो परीक्षार्थी परीक्षा पुस्तिका और OMR उत्तर-पत्र दोनों को बदलने के लिए अन्वीक्षक को तुरंत मामले की रिपोर्ट करें।
5. इस परीक्षा पुस्तिका के **चार** भाग हैं, भाग I, भाग II, भाग III और भाग IV जिसमें बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के **150** प्रश्न हैं, प्रत्येक **01** अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| **भाग-I** : | (1) सामान्य अंग्रेजी | (प्र. सं. 1 से 10) |
| : | (2) सामान्य हिन्दी | (प्र. सं. 11 से 20) |
| **भाग-II** : | (1) सामान्य ज्ञान व समसामयिक घटनायें | (प्र. सं. 21 से 30) |
| | (2) तार्किक योग्यता | (प्र. सं. 31 से 40) |
| | (3) कम्प्यूटर साक्षरता | (प्र. सं. 41 से 50) |
| **भाग-III** : | शिक्षा | (प्र. सं. 51 से 100) |
| **भाग-IV** : | प्रशासन एवं वित्त | (प्र. सं. 101 से 150) |

6. प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) एवं (4) के रूप में दिए गए हैं।
7. **सबसे उपयुक्त विकल्प** चुनें एवं OMR पत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर को चिन्हित करें।
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में उपलब्ध कराए गए स्थान पर ही करें।
9. उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु व्हाइटनर के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

***INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES***

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **Black/Blue** Ballpoint Pen only.
2. The test is of **2½ hour** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Black/Blue Ballpoint Pen only** for writing particulars on this page and marking responses in the OMR Answer Sheet.
4. The CODE for this Test Booklet is **P**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are the same. In case of any discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **FOUR** parts, Part I, Part II, Part III and Part IV consisting of **150** multiple choice objective type questions, each carrying **01** mark :

| | | |
|---|---|---|
| **Part-I** : | (1) General English | (Q. No. 1 to 10) |
| : | (2) General Hindi | (Q. No. 11 to 20) |
| **Part-II** : | (1) General Knowledge and Current Affairs | (Q. No. 21 to 30) |
| | (2) Reasoning Ability | (Q. No. 31 to 40) |
| | (3) Computer Literacy | (Q. No. 41 to 50) |
| **Part-III** : | Education | (Q. No. 51 to 100) |
| **Part-IV** : | Admin and Finance | (Q. No. 101 to 150) |

6. Each Question has four answer options given as (1), (2), (3) and (4).
7. Choose the **most appropriate option** and mark the answer as per instructions given in the OMR Answer Sheet.
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing the answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
Name of the Candidate (in Capitals ) : ______________________

अनुक्रमांक : (अंकों में)
Roll Number : in figures ______________________
: (शब्दों में)
: in words ______________________

परीक्षा-केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :
Centre of Examination (in Capitals) : ______________________
परीक्षा केन्द्र कोड संख्या :
Centre No. : ______________________

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :
Candidate's Signature : ______________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर :
Invigilator's Signature : ______________________

Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent ______________________

# PART - I
## (1) GENERAL ENGLISH

**1** Choose the word most nearly OPPOSITE in meaning to the given word.
Fecund
(1) Exorbitant (2) Sterile
(3) Inane (4) Distant

**2.** In the following sentence, one part may have an error. Choose the one which has the error, if any.

I/ look forward to/ hear/ from you
(1) (2) (3) (4)

**3.** The following idiom is followed by four meanings. Choose the one which best expresses its meaning.
to wipe the slate clean
(1) to restore order in an unruly situation
(2) to start a new and better way of behaving
(3) to make up for a lost fortune
(4) to remove all obstacles from one's path

**4.** In the following sentence, out of the given alternatives choose the one which best expresses the meaning of the underlined word.

She has some rather contentious views on religion.

(1) substantial
(2) negative
(3) involuntary
(4) causing disagreement

**Directions for question numbers 5 and 6 :**

*In the following items a word is followed by four explanatory expressions. Choose the expression which best describes the word.*

**5.** think tank
(1) government agencies vested with powers to oversee and assess policy measures
(2) a group of experts brought together to develop ideas on a particular subject and to make suggestions for action
(3) a nodal agency of the state that gathers data and informations about the citizens
(4) oval glass houses installed inside libraries to be used by members

**6.** brainstorming
(1) a session with the psychiatrist in which the analysand undergoes a rigorous process of self-examination
(2) a confession in a church where the father makes an elaborate hearing on the past sins
(3) an activity inside a classroom which morally breaks down the barrier between teacher and the taught
(4) an activity in which a group of people meet to suggest a lot of new ideas for possible development

**Directions for question numbers 7 and 8 :**

*In each of the following sentences improve the underlined part with the help of given options.*

**7.** He die last week after a long fight with cancer.
(1) was dying (2) died
(3) is dead (4) has died

**8.** She goes shopping at an every opportunity .
(1) at all opportunity
(2) at every opportunity
(3) at all opportunities
(4) at each opportunity

**Directions for question numbers 9 and 10 :**

*Complete the following sentences by using the **correct** form of the verb with the help of options that follow :*

**9.** It is instinct __________ when to begin their migration.
(1) that told the birds
(2) that tells the birds
(3) that was telling the birds
(4) that is telling the birds

**10.** Hari always lent a sympathetic ear __________.
(1) if you had problems
(2) if you are having problems
(3) if you have been having problems
(4) if you have problems

## भाग - I
## (2) सामान्य हिन्दी

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा नदी नाम पुंलिंग है?

(1) यमुना (2) महानदी

(3) ब्रह्मपुत्र (4) गंगा

**12.** 'यह कोई नयी पुस्तक नहीं है' - वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?

(1) निजवाचक (2) पुरुषवाचक

(3) अनिश्चयवाचक (4) निश्चयवाचक

**13.** 'संतन को कहा सीकरी सों काम' काव्य पंक्ति के रचनाकार हैं :

(1) सूरदास (2) कबीरदास

(3) कुंभनदास (4) तुलसीदास

**14.** 'मुझे अपनी कमाई से खाना मिलता है' - वाक्य के रेखांकित अंश में कौन-सा कारक है?

(1) करण (2) अधिकरण

(3) कर्ता (4) अपादान

**15.** 'रमानाथ' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है?

(1) कर्मभूमि (2) गबन

(3) रंगभूमि (4) सेवासदन

**16.** 'छायावाद' के किस कवि में रहस्यवाद की प्रवृत्ति सर्वाधिक पाई जाती है?

(1) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(2) सुमित्रानंदन पंत

(3) महादेवी वर्मा

(4) जयशंकर प्रसाद

**17.** 'उच्छ्वास' का संधि विच्छेद है :

(1) उत् + श्वास (2) उच + श्वास

(3) उच्छ + वास (4) उत + वास

**18.** मम्मट के अनुसार लक्षणा के मुख्य भेद हैं :

(1) तीन (2) चार

(3) पाँच (4) दो

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा शौरसेनी अपभ्रंश से संबद्ध **नहीं** है?

(1) ब्रजभाषा (2) खड़ीबोली

(3) बघेली (4) राजस्थानी

**20.** 'कामायनी' का अंतिम सर्ग कौन-सा है?

(1) दर्शन (2) आनंद

(3) रहस्य (4) कर्म

## PART - II / भाग - II

### (1) Gen. Knowledge and Current Affairs / सामान्य ज्ञान व समसामयिक घटनायें

**21.** The Indian Institute of Vegetable Research (IIVR) is located in which one of the following places ?

(1) Pune (2) Chennai
(3) Varanasi (4) Delhi

**22.** Which of the following has recently launched a campaign called 'Suchitwa Sagaram' or 'Clear Sea' ?

(1) Fisheries Ministry of Maharashtra
(2) Fisheries Ministry of Tamil Nadu
(3) Fisheries Ministry of Gujarat
(4) Fisheries Ministry of Kerala

**23.** Which of the following statements about the Preamble of the Indian Constitution is **not** correct ?

(1) The following additions were made to the Preamble by the Constitution ($42^{nd}$) Amendment Act, 1976 : Socialist, Secular, Integrity.
(2) The Preamble of the Constitution lays down the objectives of the Constitution which forms the basic structure of the Constitution.
(3) The Preamble can be amended under the provisions of the Article 368 of the Constitution.
(4) The Preamble declares that the date of adoption of the Constitution is $26^{th}$ January, 1950.

**24.** On which of the following grounds did Sonam Wangchuk receive the Ramon Magsaysay Award in 2018 ?

(1) Initiative to harness creativity in education for economic progress of Ladakhi Youths.
(2) Initiative to harness Nature, culture and education creativity for community progress.
(3) Initiative to harness vocational training for economic progress of Ladakhi Youths.
(4) Initiative to harness agriculture for economic progress of Ladakhi Youths.

**25.** Which of the following teams lost in the final match of FIFA World Cup, 2018 ?

(1) Brazil (2) Croatia
(3) England (4) France

**21.** भारतीय वनस्पति शोध संस्थान (IIVR) निम्नलिखित में से कहाँ स्थित है ?

(1) पुणे (2) चेन्नई
(3) वाराणसी (4) दिल्ली

**22.** निम्नलिखित में से किसने हाल ही में ''सुचित्व सागरम्'' अथवा ''क्लियर सी'' नामक अभियान प्रारंभ किया है ?

(1) महाराष्ट्र का मत्स्यपालन मंत्रालय
(2) तमिलनाडु का मत्स्यपालन मंत्रालय
(3) गुजरात का मत्स्यपालन मंत्रालय
(4) केरल का मत्स्यपालन मंत्रालय

**23.** भारतीय संविधान की प्रस्तावना के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है ?

(1) संविधान (42-वाँ) संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा प्रस्तावना में निम्नलिखित को जोड़ा गया : समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, अखंडता (इंटैग्रिटी)।
(2) संविधान की प्रस्तावना संविधान के उद्देश्यों को निर्धारित करती है जो संविधान के आधारभूत ढाँचे का निर्माण करते हैं।
(3) संविधान के अनुच्छेद 368 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है।
(4) प्रस्तावना घोषित करती है कि संविधान के अंगीकरण की तिथि 26 जनवरी, 1950 है।

**24.** सोनम वांग्चुक को 2018 का रमन मैगसासे सम्मान निम्नलिखित में से किस आधार पर प्राप्त हुआ है ?

(1) लद्दाखी युवाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए शिक्षा में सृजनात्मकता की पहल
(2) समुदाय की समृद्धि के लिए प्रकृति, संस्कृति तथा शिक्षा को सृजनात्मक रूप से बढ़ाने की पहल
(3) लद्दाख के युवाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ कराने की पहल
(4) लद्दाखी युवाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए उन्हें कृषि कार्य में लगाने की पहल

**25.** FIFA विश्वकप 2018 के फाइनल में निम्नलिखित में से कौन सी टीम पराजित हुई ?

(1) ब्राज़ील (2) क्रोएशिया
(3) इंग्लैंड (4) फ्रांस

**26.** Match **List-I** with **List-II** and select the **correct** answer using the codes given below :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | A Thousand Splendid Suns | (i) | Stephen Hawking |
| (b) | A Million Mutinies Now | (ii) | Ernest Hemingway |
| (c) | A Brief History of Time | (iii) | V.S. Naipaul |
| (d) | A Farewell to Arms | (iv) | Khaled Hosseini |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**27.** What is the time-line planned for achieving the Sustainable Development Goals (SDGs) ?

(1) $31^{st}$ December, 2025
(2) $31^{st}$ December, 2030
(3) $31^{st}$ December, 2035
(4) $31^{st}$ December, 2020

**28.** Where among the following was the Helsinki Summit held in July 2018 ?

(1) Johannesburg (2) Uganda
(3) Rwanda (4) Finland

**29.** The duties of Dharma-Mahamatras appointed by Asoka are enumerated in the following edicts :

(a) Rock Edict V
(b) Pillar Edict VII
(c) Rock Edict VI
(d) Rock Edict XII

**Code :**

(1) (a) and (c) (2) (a), (b) and (c)
(3) (b), (c) and (d) (4) (a) and (b)

**30.** Which of the following terms is used to refer to increase in concentration of the toxicant at successive tropic levels in the aquatic food chain ?

(1) Eutrophication
(2) Bio Magnification
(3) Cultural Eutrophication
(4) Both (1) and (3)

**26.** **सूची – I** और **सूची – II** को सुमेलित कर नीचे दिए गए कोड में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए।

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | ए थाऊज़ेन्ड स्प्लेंडिड संस | (i) | स्टीफन हॉकिंग |
| (b) | ए मिलियन म्यूटिनीज़ नाऊ | (ii) | अर्नस्ट हेमिंगवे |
| (c) | ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम | (iii) | वी.एस. नाइपॉल |
| (d) | ए फेयरवेल टू आर्मस् | (iv) | खालेद हुसैनी |

**कोड :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**27.** संधारणीय-विकास-लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्धारित समय क्या है ?

(1) 31 दिसम्बर, 2025
(2) 31 दिसम्बर, 2030
(3) 31 दिसम्बर, 2035
(4) 31 दिसम्बर, 2020

**28.** जुलाई 2018 में हेलसिंकी शिखरवार्ता का आयोजन निम्नलिखित में से कहाँ हुआ था ?

(1) जोहांसबर्ग (2) युगांडा
(3) रवांडा (4) फिनलैंड

**29.** अशोक द्वारा नियुक्त किए गए धर्ममहामात्रों के कर्त्तव्यों का उसके निम्न अभिलेखों में उल्लेख हुआ है :

(a) पञ्चम् शिलालेख (b) सप्तम् स्तम्भलेख
(c) षष्ठ शिलालेख (d) द्वादश शिलालेख

**कूट :**

(1) (a) एवं (c) (2) (a), (b) एवं (c)
(3) (b), (c) एवं (d) (4) (a) एवं (b)

**30.** जलीय भोजन शृंखला में क्रमोत्तर उष्णकटिबंधीय स्तरों पर विषैले पदार्थों की सांद्रता बढ़ने के संदर्भ में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ?

(1) यूट्रॉफिकेशन
(2) बायो मैग्नीफिकेशन
(3) कल्चरल यूट्रॉफिकेशन
(4) (1) तथा (3) दोनों

# PART - II / भाग - II

## (2) Reasoning Ability / तार्किक योग्यता

31. Find the appropriate term to fill in the missing one in the series given below :

225, 289, 338, 374, __?__ , 415

(1) 386 (2) 389

(3) 405 (4) 399

32. A started walking towards south and walked upto 50 meters and took a right turn and walked 30 meters. He again took a right turn and walked 100 meters and took a right turn and walked 30 meters. How far and in which direction 'A' is from starting point ?

(1) 50 meters North

(2) 180 meters East

(3) 150 meters North

(4) 50 meters South

33. Select the one which is different from others.

(1) Hurricane (2) Earthquake

(3) Explosion (4) Flood

34. Select the **correct** option which is related to the third term in the same way as second term is related to the first.

FKPU : UPKF : : CHMR : ?

(1) XSNI (2) ZDHL

(3) YTPK (4) XTMJ

31. नीचे दी गई श्रृंखला में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त संख्या को चुनिए :

225, 289, 338, 374, __?__ , 415

(1) 386 (2) 389

(3) 405 (4) 399

32. 'A' दक्षिण की ओर चलना शुरू करता है और 50 मीटर तक चलता है फिर वह दायीं ओर मुड़कर 30 मीटर चलता है। वह एक बार फिर दायीं ओर मुड़ता है और 100 मीटर चलकर दायीं ओर मुड़कर 30 मीटर चलता है। 'A' आरंभ बिन्दु से कितनी दूर और किस दिशा में है ?

(1) 50 मीटर उत्तर

(2) 180 मीटर पूर्व

(3) 150 मीटर उत्तर

(4) 50 मीटर दक्षिण

33. निम्नलिखित में से कौन सा अन्य से भिन्न है ?

(1) तूफ़ान (2) भूकम्प

(3) विस्फोट (4) बाढ़

34. निम्नलिखित में से **सही** विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित हो जिस प्रकार से दूसरा पद पहले पद से संबंधित है :

FKPU : UPKF : : CHMR : ?

(1) XSNI (2) ZDHL

(3) YTPK (4) XTMJ

35. What is the minimum number of straight lines required to draw the figure ?



(1) 13 (2) 15

(3) 21 (4) 11

36. In a certain code language, 'Always Create Idea' is written as 'gi ba sha', 'Idea New Thoughts' is written as 'ma ri gi', 'Idea New Solution' is written as 'ri gi to'. How is 'Create New Solution' written ?

(1) sha ri gi (2) ri gi ba

(3) ba ri to (4) gi ri to

37. P Q R S T and U are seated around a circular table facing towards the centre.

(a) 'R' sits second to the left of 'T'.

(b) 'P' is not an immediate neighbour of 'T'.

(c) 'T' sits second to the left of 'S'.

(d) 'U' is between 'T' and 'R'.

Who sits to the immediate right to 'Q' ?

(1) P (2) U

(3) T (4) R

35. चित्र को बनाने के लिए न्यूनतम सीधी रेखाओं की संख्या कितनी होगी ?



(1) 13 (2) 15

(3) 21 (4) 11

36. किसी कूट भाषा में, 'Always Create Idea' को 'gi ba sha', 'Idea New Thoughts' को 'ma ri gi' और 'Idea New Solution' को 'ri gi to' लिखा जाता है तो 'Create New Solution' को कैसे लिखा जाएगा ?

(1) sha ri gi (2) ri gi ba

(3) ba ri to (4) gi ri to

37. P Q R S T और U एक वृत्ताकार मेज के केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हुए हैं।

(a) 'R' 'T' के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।

(b) 'P' 'T' का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

(c) 'T' 'S' के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है।

(d) 'U' 'T' और 'R' के मध्य में बैठा है।

'Q' के एकदम दायीं ओर कौन बैठा है ?

(1) P (2) U

(3) T (4) R

**38.** Find the missing character.




(1) 10 (2) 14

(3) 16 (4) 5

**39.** A team of five basket ball players is to be selected from among five boys A, B, C, D and E and four girls P, Q, R and S following the considerations given below :

- A and S have to be put together.
- R can not be put with B.
- D and Q can not go together.
- C and E have to be put together.
- P can not be put with R.

If two of the members have to be boys, the team will consist of :

(1) A, D, S, Q, R (2) A, B, S, P, Q

(3) A, B, S, Q, R (4) B, D, S, R, Q

**40.** Question Figure (A) and (B) are related in a particular manner. Choose the **correct** option from the alternatives to establish the same relationship with the (C) question figure :



(A) (B) (C)



(1) (2) (3) (4)

**38.** लुप्त संख्या बताइए।




(1) 10 (2) 14

(3) 16 (4) 5

**39.** निम्नलिखित विचारों को ध्यान में रखते हुए पाँच लड़कों A, B, C, D और E तथा चार लड़कियों P, Q, R और S में से 5 बॉस्केटबॉल खिलाड़ियों की टीम का चयन किया जाना है :

- A और S को एकसाथ रखना है।
- R को B के साथ नहीं रखा जा सकता है।
- D और Q एक साथ नहीं रखे जा सकते हैं।
- C और E को एक साथ रखना है।
- P को R के साथ नहीं रखा जा सकता है।

यदि टीम के दो सदस्य लड़के हो तो टीम में कौन-कौन शामिल होंगे ?

(1) A, D, S, Q, R (2) A, B, S, P, Q

(3) A, B, S, Q, R (4) B, D, S, R, Q

**40.** प्रश्न चित्र में (A) और (B) चित्र किसी खास रीति से एक-दूसरे से संबद्ध हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** विकल्प का चयन करें, जिसका (C) चित्र से वैसा ही संबंध हो :



(A) (B) (C)



(1) (2) (3) (4)

## PART - II / भाग - II

### (3) Computer Literacy / कम्प्यूटर साक्षरता

**41.** __________ is used in implementing the cache memory.

(1) ROM (2) Optical Fibre

(3) RAM (4) Magnetic tape

**42.** Which of the following is **not** related to web search ?

(1) Yahoo (2) Bing

(3) Google (4) Facebook

**43.** Firewall is designed to block unauthorized access. It is implemented in :

(1) Hardware only

(2) a combination of Software and Hardware

(3) either Software or Hardware, or a combination of Software and Hardware

(4) Software only

**44.** A device that can convert digital signals to analog signals is :

(1) a packet (2) a modem

(3) an emulator (4) a switch

**45.** Browser is a _________ to __________.

(1) software, visit a website

(2) hardware, visit a website

(3) hardware, connect to internet

(4) software, create a webpage

**46.** Which of the following is **not** an output device ?

(1) Microphone (2) Printer

(3) CD-ROM (4) Monitor

**41.** __________ का उपयोग कैशे मेमोरी को कार्यान्वित करने में होता है।

(1) रोम (2) ऑप्टिकल फाइबर

(3) रैम (4) मैग्नेटिक टेप

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा वेब सर्च से संबंधित **नहीं** है ?

(1) याहू (2) बिंग

(3) गूगल (4) फेसबुक

**43.** फायरवॉल का डिजाइन अनाधिकृत पहुँच को रोकने के लिए किया गया है। यह किसमें कार्यान्वित की जाती है ?

(1) केवल हार्डवेयर में

(2) सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर के संयोजन में

(3) या तो सॉफ्टवेयर में या हार्डवेयर में, अथवा सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर के संयोजन में

(4) केवल सॉफ्टवेयर में

**44.** वह यंत्र जो कि डिजिटल सिग्नलों को ऐनेलॉग सिग्नलों में परिवर्तित कर सकता है :

(1) पैकेट (2) मॉडेम

(3) एम्यूलेटर (4) स्विच

**45.** ब्राउजर _________ के लिए एक __________ है।

(1) वेबसाइट पर जाने, सॉफ्टवेयर

(2) वेबसाइट पर जाने, हार्डवेयर

(3) इंटरनेट कनैक्ट करने, हार्डवेयर

(4) वेबपेज बनाने, सॉफ्टवेयर

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा आउटपुट डिवाइस **नहीं** है ?

(1) माइक्रोफोन (2) प्रिंटर

(3) सी.डी.-रोम (4) मॉनिटर

47. WiFi stands for :

(1) Wireless Fibre

(2) Wired Fidelity

(3) Wireless Fidelity

(4) Wired Fibre

48. Which of the following is best suited for preparing the result of a class of students ?

(1) MS Office

(2) MS Excel

(3) MS PowerPoint

(4) MS Word

49. In PowerPoint Presentation, which of the following actions constitute animation ?

(a) Fading of slide

(b) Inserting a text box

(c) Inserting a graph

(d) Specifying motion path

**Code :**

(1) (a) and (c) (2) (a) and (d)

(3) (b) and (c) (4) (a) and (b)

50. __________ provides linkage between CPU and the user.

(1) Storage

(2) Control Unit

(3) Peripheral devices

(4) Software

47. WiFi का अर्थ है :

(1) वायरलेस फ़ाइबर

(2) वायर्ड फिडेलिटी

(3) वायरलेस फिडेलिटी

(4) वायर्ड फ़ाइबर

48. छात्रों की एक कक्षा का परिणाम तैयार करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) एम एस ऑफिस

(2) एम एस एक्सेल

(3) एम एस पॉवरपॉइंट

(4) एम एस वर्ड

49. किसी पॉवरपॉइंट प्रेजेन्टेशन के निम्नलिखित में किस एक्शन को एनीमेशन कहा जाएगा ?

(a) स्लाइड का फेड होना।

(b) टेक्स्ट बॉक्स डालना।

(c) ग्राफ डालना।

(d) मोशन पाथ विनिर्दिष्ट करना।

**कूट :**

(1) (a) तथा (c) (2) (a) तथा (d)

(3) (b) तथा (c) (4) (a) तथा (b)

50. __________ सी.पी.यू. तथा प्रयोक्ता के मध्य संपर्क प्रदान करता है।

(1) स्टोरेज

(2) कंट्रोल यूनिट

(3) पेरिफेरल डिवाइस

(4) सॉफ्टवेयर

# PART - III / भाग - III

## Education / शिक्षा

**51.** As per RTE Act 2009, whose responsibility is to prepare a School Development Plan ?
(1) School Headmaster
(2) Cluster Resource Person
(3) Block Resource Person
(4) School Management Committee

**52.** Who is **not** a Cognitivist Thinker out of the following ?
(1) David Ausubell
(2) Jerome Bruner
(3) Tolman
(4) Albert Bandura

**53.** Best organized teaching is one in which :
(1) All possible teaching aids are used
(2) Occurrence of learning gaps is minimum
(3) Proper discussion is done
(4) Students cooperation is maximum

**54.** In which of the following types of e-learning students cannot proceed at their own pace ?
(1) Video Courses
(2) Social Networking
(3) Discussion Boards
(4) Virtual Classroom

**55.** 'Differential Teaching Session' is a component of which of the following models of teaching ?
(1) Mastery Learning Model
(2) Inquiry Training Model
(3) Glaser's Basic Teaching Model
(4) Concept Attainment Model

**56.** According to Constructivism :
(1) Knowledge is construed from and shaped by experience.
(2) Learning is a social interpretation of the world.
(3) More emphasis is given to understanding and problem solving.
(4) Learning is an active process.

**51.** आर.टी.ई. अधिनियम 2009 के अनुसार, विद्यालय विकास योजना तैयार करने का उत्तरदायित्व किसका होता है ?
(1) विद्यालय मुख्याध्यापक
(2) समूह संसाधन व्यक्ति
(3) खंड संसाधन व्यक्ति
(4) विद्यालय प्रबंधन समिति

**52.** निम्न में से कौन एक संज्ञानवादी विचारक **नहीं** है ?
(1) डेविड आसूबेल
(2) जीरोम ब्रूनर
(3) टालमैन
(4) अल्बर्ट बन्दूरा

**53.** सर्वोत्तम संगठित शिक्षण वह होता है जिसमें :
(1) सभी संभावित शिक्षण सहायक सामग्रियाँ प्रयोग होती है।
(2) अधिगम अंतरालों की उपस्थिति न्यूनतम होती है।
(3) उचित रूप से चर्चा की जाती है।
(4) विद्यार्थियों का अधिकतम सहयोग होता है।

**54.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के ई–अधिगम में विद्यार्थी अपनी स्वयं की गति से आगे **नहीं** बढ़ सकते ?
(1) वीडियो पाठ्यक्रम
(2) सोशल नेटवर्किंग
(3) चर्चा बोर्ड
(4) आभासी कक्षा

**55.** 'विभेदीकृत शिक्षण सत्र' निम्नलिखित शिक्षण मॉडलों में किसका एक अवयव है ?
(1) प्रभुत्व (मास्टरी) अधिगम मॉडल
(2) जाँच प्रशिक्षण मॉडल
(3) ग्लेज़र का मूल शिक्षण मॉडल
(4) संकल्पना प्राप्ति मॉडल

**56.** रचनावाद के अनुसार :
(1) अनुभव से ज्ञान का अर्थापन और निर्माण होता है।
(2) अधिगम संसार की एक सामाजिक व्याख्या है।
(3) बोध एवं समस्या समाधान पर अधिक बल दिया जाता है।
(4) अधिगम एक सक्रिय प्रक्रिया है।

57. While organising Co-curricular activities the organisers must ensure __________.

(1) prize for everybody
(2) most children get motivated to participate
(3) that participation is made mandatory
(4) only good ones participate

58. Reporting of learners' assessment to students is of little value to :

(1) Know what they are doing and why they are doing
(2) Facilitate remedial/enrichment activities for the child
(3) Promote personal-social development
(4) Promote self motivation for improving his/her performance

59. Which of the following is a biggest short-coming in Indian school libraries ?

(1) Inadequate seating arrangements
(2) Absence of proper catalogue system
(3) Open accessibility of books
(4) Shortage of books

60. Which of the following is **not** the mode of course delivery in teacher centred approach ?

(1) Cooperative learning
(2) Problem based learning
(3) Assignments and exams for summative purposes
(4) Lecture method

61. Regarding the difference between Impairment, Disability and Handicap, we can truthfully say that :

(1) Disability is the functional consequence of impairment.
(2) Handicap refers to the inability to use different organs effectively as normal persons do.
(3) Handicap is also defined as social consequence of impairment.
(4) Impairment refers to the abnormality of a structure or function of an organ.

57. पाठ्यचर्या सहगामी गतिविधियाँ आयोजित करते हुए आयोजकों को अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए :

(1) सभी के लिए पुरस्कार हो
(2) अधिकतर बालक भाग लेने के लिए अभिप्रेरित हों
(3) कि भागीदारी अनिवार्य हो
(4) केवल सक्षम प्रतिभागिता करें

58. विद्यार्थियों को अधिगमकर्त्ताओं का आकलन रिपोर्ट करना कम महत्त्व का है :

(1) यह जानने में कि वे क्या कर रहे हैं एवं वे क्यों कर रहे हैं
(2) बालक के लिए उपचारी/संवर्धन गतिविधियों को सुगम बनाने में
(3) व्यक्तिगत-सामाजिक विकास प्रोत्साहित करने में
(4) उसके प्रदर्शन में सुधार हेतु स्व अभिप्रेरण प्रोत्साहित करने में

59. भारतीय विद्यालय पुस्तकालयों में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सबसे बड़ा दोष है ?

(1) बैठने के अपर्याप्त प्रबंध
(2) उचित सूचीपत्र प्रणाली की अनुपस्थिति
(3) पुस्तकों की खुली अभिगम्यता
(4) पुस्तकों की कमी

60. अध्यापक केन्द्रित उपागम में निम्नलिखित में से कौन पाठ्यवस्तु विवेचन की प्रणाली **नहीं** है ?

(1) सहयोगी अधिगम
(2) समस्या आधारित अधिगम
(3) संकलित उद्देश्यों हेतु दत्तकार्य एवं परीक्षाएँ
(4) व्याख्यान विधि

61. क्षीणता, अपंगता एवं अक्षमता के मध्य अंतर के संदर्भ में हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि :

(1) अपंगता क्षीणता का कार्यात्मक परिणाम होता है।
(2) अक्षमता से तात्पर्य है प्रभावशाली रूप से, जैसे कि सामान्य लोग करते हैं, विभिन्न अंगों को प्रयोग करने की अयोग्यता।
(3) अक्षमता को क्षीणता के सामाजिक परिणाम के रूप में भी परिभाषित किया जाता है।
(4) क्षीणता से तात्पर्य है एक अंग की संरचना अथवा कार्य में अपसामान्यता।

62. How much time on daily basis has been recommended by NCF 2005 for teachers to review the day, make notes on children to follow up the next day and organise material for the next day lessons ?

(1) 50 minutes (2) 45 minutes
(3) 40 minutes (4) 60 minutes

63. Which of the following is the **correct** sequence of motivational set ?

(1) Drive, goal directed behaviour, attainment of goal, satisfaction.
(2) Drive, satisfaction, attainment of goal, goal directed behaviour.
(3) Drive, goal directed behaviour, satisfaction, attainment of goal.
(4) Goal directed behaviour, attainment of goal, drive, satisfaction.

64. Which one of the following is **not** an accepted feature of an evaluation tool ?

(1) Usefulness (2) Validity
(3) Reliability (4) Subjectivity

65. In activity based curriculum :

(1) Activities are decided in advance before the start of the session.
(2) The whole syllabus is transformed into activities.
(3) The teachers' role is minimum.
(4) The list of activities have to be standardized by the educational authorities.

66. In a village setting, the topic "Germination of gram seed", can be best taught by :

(1) Seeking support of farmers from the community
(2) Laboratory experiments on gram seed germination
(3) Demonstration on gram seed germination through models
(4) Organizing a film show on gram seed

62. दिन के पुनरवलोकन, अगले दिन अनुसरण करने के लिए बालकों पर नोट्स बनाने एवं अगले दिन के पाठों के लिए सामग्री को सुव्यवस्थित करने के लिए, एन.सी.एफ. 2005 द्वारा शिक्षकों हेतु दैनिक आधार पर कितने समय की अनुशंसा की गई है ?

(1) 50 मिनट (2) 45 मिनट
(3) 40 मिनट (4) 60 मिनट

63. अभिप्रेरणात्मक समुच्चय का निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** अनुक्रम है ?

(1) प्रेरणा, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, संतुष्टि
(2) प्रेरणा, संतुष्टि, लक्ष्य प्राप्ति, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार
(3) प्रेरणा, लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, संतुष्टि, लक्ष्य प्राप्ति
(4) लक्ष्य निर्देशित व्यवहार, लक्ष्य प्राप्ति, प्रेरणा, संतुष्टि

64. निम्नलिखित में से कौन एक मूल्यांकन उपकरण की स्वीकृत विशेषता **नहीं** है ?

(1) उपयोगिता (2) वैधता
(3) विश्वसनीयता (4) विषयनिष्ठता

65. गतिविधि आधारित पाठ्यचर्या में :

(1) सत्र प्रारंभ होने से पूर्व, गतिविधियाँ पहले से निर्धारित कर ली जाती हैं।
(2) पूरा पाठ्यक्रम गतिविधियों में रूपांतरित कर दिया जाता है।
(3) शिक्षक की भूमिका न्यूनतम होती है।
(4) शैक्षिक अधिकारियों द्वारा गतिविधियों की सूची का मानकीकरण करना होता है।

66. एक ग्रामीण वातावरण में, विषय "चने के बीज का अंकुरण" बहुत अच्छे से पढ़ाया जा सकता है :

(1) समुदाय के किसानों से सहायता मांगकर
(2) चने के बीज के अंकुरण पर प्रयोगशाला प्रयोगों द्वारा
(3) मॉडलों द्वारा चने के बीज का अंकुरण दर्शाकर
(4) चने के बीज पर एक फिल्म शो के आयोजन द्वारा

67. The most accurate of the following statements is :

(1) Girls mature faster than boys.

(2) There is no general difference in the rate of maturation of boys and girls.

(3) The majority of girls mature more rapidly than majority of boys.

(4) Boys mature faster than girls.

68. One reason that validity coefficients are lower than reliability coefficients is that the :

(1) reliability of a test sets limits on how valid the test can be.

(2) tests with low validity relate very high to the criteria.

(3) high reliability does not explain the effect of factors like attitudes and feelings.

(4) high reliability is a guarantee that a test is valid.

69. Which of the following measuring tools are used to assess co-scholastic performances of students ?

(a) Checklists

(b) Rating scales

(c) Self report inventories

(d) Projective tests

**Code :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (b) and (c) | (2) | (c) and (d) |
| (3) | (a) and (b) | (4) | (a) and (d) |

70. The basic difference between amentia and dementia is that :

(1) dementia is simply the technical term, while amentia is commonly used by layman to identify the same condition.

(2) dementia refers to a loss, while amentia refers to a lack of mental functioning.

(3) amentia is neurosis, while dementia is a psychosis.

(4) dementia involves a more advanced state of psychiatric dysfunction.

67. निम्नलिखित कथनों में से सर्वाधिक **सही** है :

(1) लड़कों की अपेक्षा लड़कियाँ तेजी से परिपक्व हो जाती हैं।

(2) लड़कों एवं लड़कियों की परिपक्वता दर में कोई सामान्य अंतर नहीं होता है।

(3) अधिकांश लड़कियाँ, अधिकांश लड़कों की अपेक्षा, अधिक शीघ्रता से परिपक्व हो जाती हैं।

(4) लड़कियों की अपेक्षा लड़के तेजी से परिपक्व हो जाते हैं।

68. एक कारण जिससे कि विश्वसनीयता स्थिरांकों की अपेक्षा वैधता स्थिरांक कम होते हैं वह है :

(1) एक परीक्षण की विश्वसनीयता सीमाएँ निर्धारित कर देती है कि परीक्षण कितना वैध हो सकता है।

(2) निम्न वैधता वाले परीक्षण मानदंडों से बहुत उच्च संबंध रखते हैं।

(3) उच्च विश्वसनीयता, दृष्टिकोणों एवं भावनाओं जैसे कारकों के प्रभाव की व्याख्या नहीं करती है।

(4) उच्च विश्वसनीयता एक गारंटी है कि परीक्षण वैध है।

69. विद्यार्थियों के सह-विद्यालयी निष्पत्तियों के आकलन हेतु निम्नलिखित मापन उपकरणों में से किनका प्रयोग किया जाता है ?

(a) जाँच सूचियाँ (चेक लिस्टस्)

(b) निर्धारण मापनियाँ

(c) स्व-रिपोर्ट सूचियाँ

(d) प्रक्षेपी परीक्षण

**कूट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (b) एवं (c) | (2) | (c) एवं (d) |
| (3) | (a) एवं (b) | (4) | (a) एवं (d) |

70. क्षीणमनस्कता एवं मनोभ्रंश में मूल अंतर है कि :

(1) मनोभ्रंश साधारण रूप से एक तकनीकी पद है जबकि क्षीणमनस्कता का प्रयोग, उसी परिस्थिति को पहचानने हेतु, सामान्य जन करते हैं।

(2) मनोभ्रंश से तात्पर्य एक हानि से है जबकि क्षीणमनस्कता से तात्पर्य मानसिक कार्य संबंधी कमी है।

(3) क्षीणमनस्कता तंत्रिकाताप (न्यूरोसिस) है जबकि मनोभ्रंश एक मनोविकृति (साइकोसिस) है।

(4) मनोभ्रंश में मनोरोग-अपक्रिया की एक अधिक उच्च अवस्था सम्मिलित होती है।

71. Mukesh gets easily distracted and fiddles in his seat during teaching. He can't read fluently and often reverses letters and words. He faces difficulty copying words from the blackboard as well. Mukesh is likely to :

(1) be dyslexic
(2) have dyspraxia
(3) have hearing impairment
(4) have language disorders

72. What precaution must an institution head take while making efforts to mobilize financial resources ?

(1) Avoid making compromises on the principles governing institution
(2) Cheap modes be preferred
(3) Avoid e-transactions
(4) Prefer to welcome all contributors

73. The names of McClelland, Atkinson and Lowell are associated with which of the following concepts ?

(1) Need achievement
(2) Reward expectancy
(3) Level of aspiration
(4) Social motives

74. Organisational Climate gets marred due to ___________.

(1) Lack of resources
(2) Parental indifference
(3) Weak leadership
(4) Children's indiscipline

75. As a teacher, while evaluating learning of students you should avoid __________.

(1) using variety of ways to collect information about the students' learning
(2) providing feedback to students
(3) collecting information continuously and record the same
(4) making comparisons between them

71. मुकेश का ध्यान सरलता से भंग हो जाता है और वह शिक्षण के दौरान मटर गश्ती करता रहता है। वह धाराप्रवाह नहीं पढ़ सकता और अक्षरों एवं शब्दों को अक्सर उल्टा कर देता है। साथ ही उसे श्यामपट्ट से शब्दों को कापी करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। संभव है कि मुकेश :

(1) डिसलैक्सिक हो।
(2) को डिसप्रेक्सिया हो।
(3) को श्रृव्य बाधा हो।
(4) को भाषा विकार हो।

72. वित्तीय संसाधनों के संग्रहण के प्रयास करते हुए एक संस्थान प्रमुख को क्या सावधानी बरतनी चाहिए ?

(1) संस्थान संचालन के सिद्धांतों पर समझौते करने से बचना चाहिए
(2) सस्ते साधनों को वरीयता देनी चाहिए
(3) ई-संचालनों से बचना चाहिए
(4) सभी योगदानकर्त्ताओं के स्वागत को वरीयता देनी चाहिए

73. निम्नलिखित में से किस संकल्पना के साथ मैक्लिलैंड, ऐटकिन्सन एवं लोवैल के नाम जुड़े हुए हैं ?

(1) आवश्यकता उपलब्धि
(2) पुरस्कार संभावना
(3) आकांक्षा का स्तर
(4) सामाजिक अभिप्रेरक

74. संगठनात्मक वातावरण नष्ट हो जाता है :

(1) संसाधनों की कमी के कारण
(2) अभिभावकों की उदासीनता के कारण
(3) क्षीण नेतृत्व के कारण
(4) बालकों की अनुशासनहीनता के कारण

75. विद्यार्थियों के अधिगम का मूल्यांकन करते हुए एक शिक्षक के रूप में आपको बचना चाहिए :

(1) विद्यार्थियों के अधिगम के बारे में सूचना एकत्र करने के विभिन्न तरीकों के प्रयोग से
(2) विद्यार्थियों को प्रतिपुष्टि प्रदान करने से
(3) लगातार सूचना एकत्रित करने एवं उसे रिकार्ड करने से
(4) उनमें तुलना करने से

76. Which of the following is a **correct** sequence ?
(1) Sender - Receiver - Message
(2) Sender - Message - Receiver
(3) Message - Sender - Receiver
(4) Receiver - Sender - Message

77. While planning a lesson, a teacher need **not** :
(1) Know the performance level of learners
(2) Worry about the expected outcome of his/her teaching
(3) Know the home background of the learners
(4) Consult a reference book

78. When preparing IEP (Individual Educational Plan), which of the following should **not** be considered a basis ?
(1) Individual goals to be achieved
(2) Time frames for achievement of the goals
(3) Preparing the IEP without consulting the parents
(4) Current strengths of the learner

79. The tendency of teachers to give high ratings to students without critically examining the quality of their work tends to :
(1) reduce the validity of their evaluation.
(2) increase the reliability of their evaluation.
(3) increase the validity of their evaluation.
(4) reduce the reliability of their evaluation.

80. Which of the following are context variables of teaching ?
(a) Training of teachers
(b) Abilities of children
(c) Class size
(d) Subject matter learning

**Code :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) (b) and (d) | | (2) (c) and (d) | |
| (3) (b) and (c) | | (4) (a) and (b) | |

76. निम्नलिखित में से कौन–सा एक **सही** अनुक्रम है ?
(1) प्रेषक – ग्राही – संदेश
(2) प्रेषक – संदेश – ग्राही
(3) संदेश – प्रेषक – ग्राही
(4) ग्राही – प्रेषक – संदेश

77. एक पाठ की योजना बनाते हुए, एक शिक्षक/शिक्षिका को **नहीं** चाहिए कि :
(1) उसे अधिगमकर्त्ताओं का प्रदर्शन स्तर ज्ञात हो
(2) वह अपने शिक्षण के अनुमानित परिणामों के बारे में चिंता करें
(3) उसे अधिगमकर्त्ताओं के गृह पृष्ठभूमि का पता हो
(4) वह एक संदर्भ पुस्तक से परामर्श लें

78. आई.ई.पी. (व्यक्तिगत शैक्षिक योजना) तैयार करते हुए, निम्नलिखित में से किसे आधार **नहीं** मानना चाहिए ?
(1) प्राप्त किये जाने वाले व्यक्तिगत लक्ष्य
(2) लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समय सीमा
(3) अभिभावकों की सलाह के बिना आई.ई.पी. तैयार करना
(4) अधिगमकर्त्ताओं की वर्तमान क्षमताएँ

79. विद्यार्थियों के कार्य की गुणवत्ता की, बिना समालोचनात्मक जाँच के, उच्च श्रेणी देने की अध्यापकों की प्रवृत्ति से :
(1) उनके मूल्यांकन की वैधता कम होने की ओर अग्रसर हो जाती है।
(2) उनके मूल्यांकन की विश्वसनीयता अधिक होने की ओर अग्रसर हो जाती है।
(3) उनके मूल्यांकन की वैधता अधिक होने की ओर अग्रसर हो जाती है।
(4) उनके मूल्यांकन की विश्वसनीयता कम होने की ओर अग्रसर हो जाती है।

80. निम्नलिखित में से शिक्षण के प्रसंग चर कौन से हैं ?
(a) शिक्षकों का प्रशिक्षण
(b) बालकों की योग्यताएँ
(c) कक्षा आकार
(d) विषय वस्तु अधिगम

**कूट :**

| | |
|---|---|
| (1) (b) एवं (d) | (2) (c) एवं (d) |
| (3) (b) एवं (c) | (4) (a) एवं (b) |

81. Which of the following tests should a teacher use to determine a student's ability to perform well in a particular field of study/activity ?

(1) An interest inventory
(2) Aptitude test
(3) Performance test
(4) Standardized achievement test

82. Flanders Interaction Analysis System aims at :

(1) reducing the time of teacher talk in the class
(2) increase the time of student's talk in the class
(3) moderating the teacher pupil interactions in the class
(4) changing and improving teacher's behaviour

83. Young people often learn many skills working alongside a master. This kind of learning is known as :

(1) Enactive learning
(2) Operant conditioning
(3) Learning by contiguity
(4) Vicarious learning

84. What kind of curriculum is followed in Learning Centred approach to education ?

(1) Developmental
(2) Spiral
(3) Prescribed
(4) Emergent

85. In which of the following type of test, test items are constructed to maximize discrimination among students ?

(1) Criterion referenced
(2) Objective referenced
(3) Performance referenced
(4) Norm referenced

81. अध्ययन/गतिविधि के किसी विशेष क्षेत्र में एक विद्यार्थी के अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को ज्ञात करने के लिए एक शिक्षक को निम्नलिखित परीक्षणों में से किसका प्रयोग करना चाहिए ?

(1) एक हित सूची
(2) अभिरुचि परीक्षण
(3) प्रदर्शन परीक्षण
(4) मानक उपलब्धि परीक्षण

82. फ्लैंडर अन्योन्यक्रिया विश्लेषण प्रणाली से लक्षित होती है :

(1) कक्षा में अध्यापक के बोलने का समय कम करने पर
(2) कक्षा में विद्यार्थी के बोलने का समय बढ़ाने पर
(3) कक्षा में अध्यापक विद्यार्थी अन्योन्यक्रियाओं का अनुशोधन करने पर
(4) अध्यापकों के व्यवहार बदलने एवं सुधारने पर

83. युवा लोग किसी विशेषज्ञ के साथ कार्य करते हुए अक्सर बहुत से कौशल सीख जाते हैं। इस प्रकार का अधिगम कहलाता है :

(1) ऐनेक्टिव अधिगम
(2) क्रियाप्रसूत अनुकूलन
(3) कंटीगुइटी द्वारा अधिगम
(4) प्रत्यायुक्त अधिगम

84. शिक्षा के अधिगम आधारित उपागम में किस प्रकार की पाठ्यचर्या का अनुसरण होता है ?

(1) विकासात्मक
(2) सर्पिल
(3) निर्धारित
(4) उद्गामी

85. निम्नलिखित में से किस प्रकार के परीक्षण में, विद्यार्थियों में विभेदीकरण को उच्चत्तम सीमा तक बढ़ाने हेतु, परीक्षण मदों का निर्माण किया जाता है ?

(1) निकष संदर्भित
(2) उद्देश्य संदर्भित
(3) निष्पत्ति संदर्भित
(4) मानक संदर्भित

86. According to Mager, a statement of instructional objectives stated in behavioural terms has to meet which one of the following criteria ?

(a) Identification of terminal performance which, instruction attempts to produce.

(b) Description of how good a student's performance must be, to be acceptable.

(c) Description of the important conditions under which the behaviour is expected to occur.

**Code :**

(1) (b) and (c) (2) (a) and (c)

(3) (a), (b) and (c) (4) (a) and (b)

87. In a class of 40 students 30 students correctly answered a test question. The difficulty value of that question item is :

(1) 75 (2) 10

(3) 25 (4) 30

88. Which one of the following is **not** a real problem of school Mathematics education ?

(1) Curriculum is disappointing for all children.

(2) A majority of children are not capable of learning Mathematics.

(3) A majority of children have a sense of fear and failure regarding Mathematics.

(4) Teachers lack confidence, preparation and support.

